रजिस्टर्ड सं० डी—(डी एम)—73

REGISTERED NO. D—(DN)—73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 14] नई दिल्ली, शनिवार, अप्रैल 4, 1987 (चैत्र 14, 1909)
No. 14] NEW DELHI, SATURDAY, APRIL 4, 1987 (CHAITRA 14, 1909)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गयी निधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं	333
भाग I—खण्ड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गयी सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	389
भाग I—खण्ड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	—
भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गयी सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	463
भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II—खण्ड 1—क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	*
भाग II—खण्ड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी में प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)	*
भाग II—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश	*
भाग III—खण्ड 1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार के संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं	2529
भाग III—खण्ड 2—पेटेण्ट कार्यालय द्वारा जारी की गयी पेटेण्टों और डिजाइनों से संबंधित अधिसूचनाएं और नोटिस	227
भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	—
भाग III—खण्ड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं, आदेश विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	1377
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा विज्ञापन और नोटिस	49
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दिखाने वाला अनुपूरक	*

*पृष्ठ संख्या प्राप्त नहीं हुई।

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court ..	333
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	389
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	—
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	463
PART II—SECTION 1 Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A—Authoritative text in the Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India, (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) .	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by General Authorities (other than Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	2529
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	227
PART III—SECTION 3—Notification issued by or under the authority of Chief Commissioners	—
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	1377
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies	49
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	*

* Folio Nos. not received.

भाग I—खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधिसंगत नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 जनवरी 1987

सं० 31 प्रेजि/87- राष्ट्रपति निम्नांकित कार्मिकों को उनकी उच्च-कोटि की विशिष्ट सेवा के उपलक्ष्य में "विशिष्ट सेवामेडल" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. मेजर जनरल रामेश्वरनाथ बला (आई० सी-10032) आर्टिलरी
2. ब्रिगेडियर सतिन्दर वर्मा (आई० सी-7755) कवचित कोर
3. ब्रिगेडियर दयाकृष्ण रस्तोगी (आई० सी०-11101) इंफैंट्री
4. ब्रिगेडियर इम्मान डा कोस्टा (आई० सी०-12833) इंफैंट्री
5. ब्रिगेडियर मन्थेना अल्लमा राजा अय्यनार राजा (आई० सी-8611) इंजीनियर्स
6. ब्रिगेडियर तेज अवतार टिक्कू (आई० सी-6411) सेना कोर (सेवानिवृत्त)
7. ब्रिगेडियर (कुमारी) कृष्णजीत कौर (एन० आर०-12377) सेना परिचर्या सेवा
8. ब्रिगेडियर रविन्दर कुमार धवन (आई०सी०-12148) विद्युत तथा यांत्रिकी इंजीनियर
9. ब्रिगेडियर कैलाशचन्द्र वसुन्धरा (आई०सी०-12257) इंजीनियर्स
10. कर्नल अमर सिंह (आई० सी०-16566), कवचित कोर
11. कर्नल सोम प्रकाश नन्दा (आई० सी०-12718), आर्टिलरी
12. कर्नल चन्द्रकांत मैत्रा (आई० सी-14172), आर्टिलरी
13. कर्नल नारायण चटर्जी (आई०सी०-15543), से०मे०, आर्टिलरी
14. कर्नल जयसिंह चिन्तामणि पेंढ्से (आई० सी०-10009), इंफैंट्री
15. कर्नल पीयूष कुमार मणिशंकर भट्ट (आई० सी-13808), से० मे०, इंफैंट्री
16. कर्नल सुखदीप सिंह मान (आई० सी०-15789), इंफैंट्री
17. कर्नल सरदार सिंह गजराज (आई० सी०-16723), से० मे०, इंफैंट्री
18. कर्नल बलबीर कुमार कटारिया (आई०सी०-13558), सिगनल्स
19. कर्नल हरमोहिन्दर सिंह ओबराय (एम० आर०-1396) सेना चिकित्सा कोर
20. कर्नल लाजपत कुमार आहूजा (आई० सी-12814), सेना आयुध कोर
21. कर्नल प्रेम कृष्ण कौल (आई०सी०-6176), आसूचना कोर (सेवा-निवृत्त)
22. लेफ्टिनेंट कर्नल शील कुमार पुरी (आई०सी०-12418) बीर चक्र 5, गोरखा राइफल, (फ्रंटीयर फोर्स)
23. लेफ्टिनेंट कर्नल उपेन्द्र कुमार वर्मा (आई०सी०-16720), सिख लाइट इंफैंट्री
24. लेफ्टिनेंट कर्नल पदम सिंह भंडारी (आई० सी०-16802), बिहार
25. लेफ्टिनेंट कर्नल जगमोहन लाल कपूर (आई० सी०-21448), राजपूताना राइफल्स
26. लेफ्टिनेंट कर्नल कुंचेरिया कणिप्पारबिल कुंचेरिया (आई० सी०-21741), 3, गोरखा राइफल्स
27. लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील कुमार वासुदेव राव देशपांडे (आई० सी०-22195) मराठा लाइट इंफैंट्री
28. लेफ्टिनेंट कर्नल जरनैल सिंह (आई० सी० 22219) इंफैंट्री
29. लेफ्टिनेंट कर्नल अमरेश कुमार त्यागी (आई० सी०-22317), 8 गोरखा राइफल्स
30. लेफ्टिनेंट कर्नल उदय भानु घोष (आई०सी०-16974), इंजीनियर्स
31. लेफ्टिनेंट कर्नल पद्मनाभन कुमारेश (आई० सी०-18168), इंजीनियर्स
32. लेफ्टिनेंट कर्नल दिलीप कुमार घोष (आई० सी०-21048), सेना सेवा कोर
33. लेफ्टिनेंट कर्नल गणेश चन्द्र हजारिका (एम० आर०-2261), सेना चिकित्सा कोर
34. लेफ्टिनेंट कर्नल योगेन्द्र सिंह (एम० आर-02475), सेना चिकित्सा कोर
35. लेफ्टिनेंट कर्नल नरेन्द्र कुमार भंडारी (एम० आर०-2668), सेना चिकित्सा कोर
36. लेफ्टिनेंट कर्नल चन्द्र शेखर पंत (एम० आर० 2705), सेना चिकित्सा कोर
37. लेफ्टिनेंट कर्नल प्राणनाथ अवस्थी (डी०आर०-10131), सेना दन्त चिकित्सा कोर
38. लेफ्टिनेंट कर्नल भारत राज चेतल (डी० आर०-10260), सेना दन्त चिकित्सा कोर
39. लेफ्टिनेंट कर्नल हरि मोहन पंत (आई० सी०-21123) आसूचना कोर
40. लेफ्टिनेंट कर्नल जीवन प्रकाश विजयवर्गीय (आई० सी० 15137 के०), इंजीनियर्स
41. मेजर गणेश मुदानन्दा देवया (आई० सी 30673), आर्टिलरी
42. मेजर जोधबीर सिंह संधू (आई० सी 23430), सिख लाइट इंफैंट्री
43. मेजर विष्णु प्रसाद शर्मा (आई० सी-24381), बिहार
44. मेजर कटनेश्वरकर गोविन्द विश्वनाथ राव (आई०सी०-26274), कुमाऊं रेजीमेंट
45. मेजर वी० एस० सोमना गौडार (आई०सी०-30766) मराठा लाइट इंफैंट्री
46. मेजर धरम पाल (आई० सी-31668), कुमाऊं
47. मेजर सतीश चन्दर कोछड़ (आई० सी०-33645), सिख लाइट इंफैंट्री

48. मेजर मदन मोहन भट्ट (आई० सी०-58062), 7/5 गोरखा राइफल्स

49. मेजर शंकर कृष्णमूर्ति (आई० सी०-23785), सिगनल्स

50. मेजर बद्रेमुनीर सैयद मोहम्मद मुल्ला (आई० सी० 25171), सेना आयुद्ध कोर

51. मेजर चन्द्र मोहन ओझा (एम० आर० 3562), सेना चिकित्सा कोर

52. मेजर कौशल किशोर सक्सेना (आई० सी०-28556), आसूचना कोर

53. एम० ई० एस० 300052 कार्यपालक इंजीनियर सुदेश कुमार गुप्ता, सेना इंजीनियरी सेवा

54. कैप्टन गुरमिंदर सिंह रंधावा (आई० सी०-31399), आर्टिलरी

55. कैप्टन परमवीर भल्ला (आई० सी०-34432) आर्टिलरी

56. कैप्टन राकेश कुमार शर्मा (आई० सी०-34513), आर्टिलरी

57. कैप्टन अश्विनि कुमार कनवा (एम० आर०-10958), सेना चिकित्सा कोर

58. जे० सी० 16314 सूबेदार मेजर (आनरेरी कैप्टन), राजिन्दर सिंह, ब्रिगेड आफ द गार्ड्स

59. जे० सी० 70258 रिसालदार मेजर यशेसर सिंह, कवचित कोर

60. जे० सी० (एन० वाई० ए०) 6909347 नायब सूबेदार भगीरथ सर्राई, सेना आयुद्ध कोर

61. 8020521 हवलदार भवान सिंह, कुमाऊं

62. 1364111 नायक बटियंडा पूवैया शिमैया, इंजीनियर्स

63. 13861919 लांस नायक शाबुली सदेकर, सेना सेवा कोर

64. कमोडोर मनोहर कृष्ण कुमार अरोड़ा (40151 ए)

65. कैप्टन गुप्तेश्वर राय, एन० एम० (00528 जैड)

66. कैप्टन बरोन घोष (60136-वाई०)

67. कैप्टन परसीवल एडविन मेकाडेन (C0656-आर०)

68. कमांडर पुथुपरम्पु आविमुरियिल मैथ्युकुट्टी अब्राहम (40277-एन०)

69. कमांडर रामप्रकाश पृथी (70096-एच०)

70. कमांडर अनिल लाल (50238-ए०)

71. कमांडर मोहिन्दर जानकीरमण (50253-के०)

72. सर्जन लेफ्टिनेंट कमांडर सलिल कुमार मोहंती (75171 टी)

73. लेफ्टिनेंट कमांडर नारायनन रामेश्वर रवि (50428-एच०)

74. जसवंत सिंह, मास्टर चीफ पेटी अफसर, प्रथम श्रेणी (045851-एच०)

75. तेजबहादुर सिंह, मास्टर चीफ पेटी अफसर, राईटर प्रथम श्रेणी (003373-एफ०)

76. नन्नापनेनी अप्पाराव, मास्टर चीफ इलेक्ट्रिशियन (रेडियो) प्रथम श्रेणी (067093 के०)

77. दामोदर प्रसाद, मास्टर चीफ पेटी अफसर, स्टूअर्ड प्रथम श्रेणी (065312-एन०)

78. ग्रुप कैप्टन शिवरामकृष्णन श्रीनिवासन (3935) वैमानिकी इंजीनियर यांत्रिक

79. ग्रुप कैप्टन रमेश नाथ सिंह, (6210), लेखा

80. ग्रुप कैप्टन शंकर नारायण रामास्वामी (6403) वैमानिकी इंजीनियरी (इलेक्ट्रानिकी)

81. ग्रुप कैप्टन धरम सिंह सिन्हाग (556) वैमानिक इंजीनियरी यांत्रिक

82. ग्रुप कैप्टन रमेश नन्दरा (6709) संभारिकी

83. विंग कमांडर सतीश कुमार राम लाल धाम (8097) चिकित्सा

84. विंग कमांडर हरिनाथ शर्मा (9204) प्रशासन (मरणोपरान्त)

85. विंग कमांडर रमण कुमार भंडारी (9947) वैमानिकी इंजीनियरी (इलेक्ट्रानिकी)

86. विंग कमांडर जकरिया भाई (9948) वैमानिकी इंजीनियरी (इलेक्ट्रानिकी)

87. विंग कमांडर रामप्रकाश शर्मा (10063) वैमानिकी इंजीनियरी (इलेक्ट्रानिकी)

88. विंग कमांडर सरबजीत सिंह (10429) उड़ान (पायलट)

89. विंग कमांडर सत्येन्द्रपाल सिंह (10699) वैमानिकी इंजीनियरी (इलेक्ट्रानिकी)

90. विंग कमांडर हरप्रकाश सिंह सिंधु (11051) उड़ान (पायलट)

91. विंग कमांडर ललित कुमार कोछड़ (11194) चिकित्सा

92. विंग कमांडर यदविन्दर सिंह वालिया (11258) प्रशासन

93. विंग कमांडर अनूप सिंह बेदी (6440) संभारिकी (सेवा निवृत्त)

94. स्क्वाड्रन लीडर ठाकुर सिंह दत्ता (11933) प्रशासन

95. स्क्वाड्रन लीडर निर्दोष वात्स्यायन त्यागी (12765) (उड़ान पायलट)

96. स्क्वाड्रन लीडर अशोक कुमार सिंह (13529) वैमानिकी इंजीनियरी यांत्रिक

97. फ्लाइट लेफ्टिनेंट इलिकल विजयन (14864) मौसम विज्ञान

98. 210550-टी मास्टर वारंट अफसर अजीत सिंह, रडार फिटर

99. 218247-एच मास्टर वारंट अफसर ओमप्रकाश लांबा, इलेक्ट्रिकल फिटर

100. 232509 मास्टर वारंट अफसर मधुकर भाउराव देवरे, फ्लाइट इंजीनियर

101. 248512 जूनियर वारंट अफसर वैलायुधन पिल्ले गोपीनाथन नायर, इंजन फिटर

102. 291286 सार्जेंट जोसफ मैथ्यू थोपेराबील, इंजन फिटर

103. 642412 सार्जेंट काशीनाथ मंडल, एयर फ्रेम फिटर

सं० 32-प्रेज/87—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्ति को उसकी उच्च-कोटि की विशिष्ट सेवा के उपलक्ष्य में "विशिष्ट सेवा मेडल का बार" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं:—

1 कर्नल येंदुर नागेश राव (आई० सी० 12593) वि० से० मे०, सेना आयुध कोर

सं० 33-प्रेज/87—राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को उत्कृष्ट वीरता के लिए "कीर्ति चक्र" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं:—

1. श्री गुलाम नबी मार्गी, (मरणोपरान्त)
जम्मू तथा कश्मीर बैंक लि०, लांगेट,
जिला बारामूला (जम्मू तथा कश्मीर)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि: 7 जून 1976)

7 जून, 1976 को दोपहर के समय जम्मू तथा कश्मीर बैंक की लांगेट शाखा में तीन सशस्त्र लुटेरे घुस आए और उन्होंने बैंक लूट लिया। बैंक से निकलते समय वे बैंक का दरवाजा बाहर से बन्द कर गए। बैंक के मैनेजर श्री गुलाम नबी मार्गी ने शोर मचाया और बैंक से बाहर निकल कर लुटेरों का पीछा किया। वे हथियारों से लैस लुटेरों के सरगना से भिड़ गए और उस पर काबू पा लिया। उन्होंने अपने जीवन

की परवाह किए बिना अदम्य साहस का परिचय दिया। लुटेरों में से एक ने श्री मार्गी के सीने में गोली मार दी और उनका वहीं निधन हो गया। तब तक गांव के लोग वहां आ गए और श्री मार्गी के बलिदान से प्रेरित होकर उन्होंने अंधाधुन्ध गोलीबारी करने वाले उन लुटेरों का तब तक पीछा किया जब तक उनकी बन्दूकों की गोलियां खत्म होने पर उन्होंने आत्म-समर्पण नहीं किया।

ये लुटेरे और कोई नहीं थे, बल्कि मोहमद मकबूल बट के दल के सदस्य थे, जो कुख्यात पाकिस्तानी एजेन्ट था और केन्द्रीय कारागार श्रीनगर से भाग निकला था। मकबूल बट को फांसी दी जानी थी और उसे पकड़ने के लिए दस हजार रुपए का इनाम रखा गया था। श्री मार्गी ने अपनी जान पर खेलकर जो वीरता दिखाई उसके परिणामस्वरूप ही बहुत ही खतरनाक और राष्ट्र-विरोधी घुसपैठियों को पकड़ा जा सका और इस प्रकार देश की सुरक्षा के लिए बना खतरा टाला जा सका।

श्री गुलाम नबी मार्गी ने अपने जीवन की सुरक्षा की परवाह किए बिना उत्कृष्ट साहस और असाधारण कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

2. भूतपूर्व सूबेदार राम दास,
गाजियाबाद (उ० प्र०)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 20 जून, 1983)

गाजियाबाद में राशन की दुकान चलाकर आजीविका कमाने वाले भूतपूर्व सूबेदार श्री राम दास 20 जून, 1983 को सुबह लगभग 9.30 बजे जब मिट्टी के तेल के एक थोक विक्रेता के पास गए तो मोटर साइकिल पर सवार तीन व्यक्ति अचानक वहां आए और उन्होंने थोक विक्रेता का ब्रीफ-केस छीन लिया, जिसमें 80,000/– रुपए थे। यह देखकर श्री राम दास ने अपनी छड़ी लुटेरे की कलाई पर मारी जिससे उसके हाथ से ब्रीफ-केस नीचे गिर गया। लुटेरे ने अपने देशी पिस्तौल से तत्काल गोली चला दी परन्तु श्री राम दास ने फुर्ती से अपने हाथ से पिस्तौल का रुख दूसरी तरफ कर दिया। इस पर उसके दोनों साथी मोटर साइकिल पर भागने की कोशिश करने लगे, परन्तु श्री राम दास ने अपनी छड़ी की सहायता से मोटर साइकिल को आगे बढ़ने से रोक दिया और वह उलट गई। इस बीच वहां कुछ लोग पहुंच चुके थे और उन्होंने उन दोनों को पकड़ लिया। तीसरा लुटेरा, जिसके पास पिस्तौल थी, बच कर भाग निकला।

इस प्रकार भूतपूर्व सूबेदार राम दास ने जो 79 वर्ष के हैं और अपंग हैं, अपने जीवन को जोखिम में डालकर उत्कृष्ट साहस का परिचय दिया।

3. श्री वाई० श्रीहरि शर्मा, (मरणोपरान्त)
डोन, जिला–कुरनूल (आन्ध्र प्रदेश)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 14 दिसम्बर, 1983)

14 दिसम्बर, 1983 की रात लगभग 9.00 बजे श्री श्रीहरि शर्मा, जो आन्ध्र बैंक की डोन शाखा के मैनेजर थे, के घर कुछ अज्ञात लोग घुस आए और उन पर तथा घर के लोगों पर हमला किया। उन्होंने बैंक की तिजोरी की चाबियां मांगी। श्री शर्मा का घर भी बैंक के अहाते में था। यह घटना उस समय हुई जब श्री शर्मा एक लेखाकार और एक क्लर्क के साथ बैंक का अर्धवार्षिक खाता बन्द करने के लिए ब्याज का हिसाब लगा रहे थे। उस समय घर में श्री शर्मा के पिता, पत्नी और पुत्र भी मौजूद थे। लुटेरों ने श्री शर्मा की तथा दूसरों की भी पिटाई की। वे श्री शर्मा से चाबियां लेने के लिए उन्हें यंत्रणा देते रहे। उन्होंने तिजोरी को तोड़ने की भी कोशिश की। लेकिन नाकामयाबी से हताश होकर श्री शर्मा को छुरा मारकर उनकी हत्या कर दी और उनका लगभग दस हजार रुपए का सामान लूट कर ले गए। बाद में लुटेरे पकड़े गए और उन्हें इस जघन्य अपराध का दोषी पाया गया।

इस प्रकार श्री वाई० श्रीहरि शर्मा ने अपने कर्त्तव्य का पालन करते हुए उत्कृष्ट साहस का परिचय देकर लुटेरों को बैंक की तिजोरी की चाबियां देने की बजाए अपनी सम्पत्ति और अन्ततः अपने जीवन का बलिदान दिया।

4. ब्रिगेडियर मनोहर लाल गर्ग,
भोपाल, मध्य प्रदेश (सेवानिवृत्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 2 दिसम्बर, 1984)

2/3 दिसम्बर, 1984 की आधी रात में मध्य प्रदेश के भोपाल शहर में जहरीली गैस के फैलने की भयानक दुर्घटना हुई थी जिसमें हजारों परिवारों के कई लोग मारे गए और बहुत गंभीर रूप से घायल हुए। दुर्घटना स्थल से केवल 400 गज की दूरी पर स्थित स्टार पेस्टीसाइड्स फैक्टरी के महा प्रबंधक ब्रिगेडियर मनोहर लाल गर्ग फैक्टरी के उन 1100 कर्मचारियों में से थे जो उस रात जहरीली गैस की चपेट में आ गए थे। ब्रिगेडियर गर्ग अपनी तथा अपने परिवार के जीवन की रक्षा की परवाह किए बिना सारी रात भर तब तक बचाव कार्य में लगे रहे जब तक कि सभी घायल व्यक्तियों को सैनिक और सिविल अस्पतालों में भर्ती नहीं कर लिया गया।

ब्रिगेडियर गर्ग ने इस तरह जहरीली गैस से घायल कई लोगों की जाने बचाईं। ये खुद एक घंटा पैंतालिस मिनट तक इस जहरीली गैस में सांस लेते रहे जिससे इनकी हालत बहुत नाजुक हो गई थी लेकिन फिर भी बचाव कार्य के लिए बराबर टेलीफोन करते या सुनते रहे। लोगों को अस्पतालों में पहुंचाने के लिए समुचित व्यवस्था करने के बाद ये कर्मचारियों के आवासीय कालोनी में गए और अधिक से अधिक लोगों को अपनी कार में बिठाया और स्वयं कार चलाकर उन्हें सैनिक अस्पताल पहुंचाया। इन्होंने आक्सीजन लेने के बारे में डाक्टरों की राय केवल तब मानी जब उन्हें विश्वास हो गया कि अब बचाव कार्य पूरा हो गया है।

इस प्रकार ब्रिगेडियर मनोहर लाल गर्ग ने असाधारण साहस, अपने कर्मचारियों तथा उनके परिवारों की सुरक्षा के प्रति पूरी जागरुकता, कारगर नेतृत्व, दृढ़ता और जहरीली गैस के फैलने की उस भयानक दुर्घटना के समय गहरी सूझ-बूझ का परिचय दिया।

5. मेजर अशोक कुमार सिंह (आई० सी०-27941) एस० एम०, इंजीनियर्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 28 सितम्बर, 1985)

सैंतीस फुट लम्बी फाईबर ग्लास की बनी "तृष्णा" नामक नौका में विश्व भ्रमण करने वाले भारतीय सेना अभियान दल में मेजर अशोक कुमार सिंह को स्थायी सदस्य के रूप में चुना गया था। भारत के नौका चालन के इतिहास में इसे एक महान साहसिक अभियान के रूप में लिखा जाएगा।

यह अभियान दल 28 सितम्बर, 1985 को बम्बई से रवाना हुआ था और अब उसे यूनाइटेड किंगडम से वापिस बम्बई लौटना था। लौटते समय "तृष्णा" पहले तो बिस्के खाड़ी में आए भयानक तूफान में घिर गई थी फिर भूमध्य सागर में पहुंचकर उसकी तूफानी लहरों की चपेट में आई और वहां से निकलकर फिर लाल सागर में पहुंची जहां उसे काफी कठिनाइयां आई। एक समय तो ऐसा आया कि नौका के मुख्य पाल ही भयानक आंधी-तूफान में उड़ गए। चालकों ने जान जोखिम में डालकर नए पाल लगाए और नौका को सुरक्षित बम्बई ले आए।

मारिशस से सेंट हेलेना द्वीप की यात्रा के समय आशा अन्तरीप के पास इनकी नौका भयंकर समुद्री तूफान की चपेट में आ गई। लगभग 65 नाट की गति से चल रही तूफानी हवाओं ने 40 से 45 फुट की ऊंचाई तक पानी उछालकर नौका को झकझोर दिया और उस छोटी नौका से होकर टनों पानी निकलने लगा। जीवन रक्षा के उपकरण और वायरलैस सैट आदि बह गए। ऐसी भयावह स्थिति के बावजूद अभियान दल ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए नौका को वहां से सुरक्षित आगे ले जाने में सफलता प्राप्त की।

इस यात्रा का सबसे खतरनाक दौर था आकलैंड से तस्मान सागर होते हुए सिडनी की यात्रा। इस यात्रा के दौरान कर्मीदल को ऐसे भयानक तूफान का सामना करना पड़ा जो पिछले सौ सालों में भी शायद ही कभी आया हो। इन खतरों को झेलते हुए कर्मीदल जब सिडनी पहुंचा तो सभी बुरी तरह थक चुके थे और उनकी भूख भी मारी गई थी। सिडनी से ब्रिसबेन की यात्रा और फिर कैर्नस तथा थर्सडे द्वीप की यात्रा भी कम जोखिम पूर्ण नहीं थी। उन्हें इस यात्रा के दौरान खतरनाक ग्रेट बेरियर रीफ से होकर जाना पड़ा।

यद्यपि मेजर अशोक कुमार सिंह का बायां पांव कृत्रिम होने के कारण उन्हें काफी असुविधा थी, फिर भी इन्होंने भारतीय सेना की सर्वोत्तम परम्परा के अनुसार अपने साथियों के साथ यात्रा के सभी जोखिमों को झेलकर विजय पाकर उत्कृष्ट वीरता का परिचय दिया।

6. स्क्वाड्रन लीडर प्रदीप शर्मा (13777), उड़ान (पायलट)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 24 अक्तूबर, 1985)

24 अक्तूबर, 1985 की रात को स्क्वाड्रन लीडर प्रदीप कुमार शर्मा जब अपने एक शिष्य के साथ किरण विमान में प्रशिक्षण उड़ान पर थे तो अचानक विमान के इंजन में खराबी आ गई जिसमें न केवल इंजन में बिजली बंद हुई बल्कि उसके मार्ग दर्शक उपकरणों में भी भ्रामक संकेत मिलने लगे और इससे यह स्पष्ट था कि इंजन में कुछ विशेष प्रकार की खराबी आ गई थी। इन्होंने बड़ी सूझबूझ और व्यावसायिक कुशलता का परिचय देते हुए यह मालूम किया कि इंजन में ऐसी खराबी आ गई है जिसका कोई उपचार नहीं है। ऐसी स्थिति में कोई भी पायलट हवाई अड्डे से लगभग 35 कि० मी० दूर यदि विमान छोड़कर नीचे कूद गया होता तो उसे उचित ही समझा जाता क्योंकि इससे पहले रात में ऐसी स्थिति के विमान को जबरन नीचे उतारने का कभी किसी ने प्रयास नहीं किया था। यदि ये विमान छोड़कर नीचे कूद जाने का एक मात्र उपलब्ध विकल्प अपना लेते तो उससे न केवल नीचे कूदते समय इन्हें चोटें आतीं बल्कि बहुमूल्य विमान भी नष्ट हो जाता और इस तरह विमान में आई खराबी के कारणों का उपलब्ध प्रमाण भी नष्ट हो जाता।

अपने उत्कृष्ट कौशल और व्यावसायिक कुशलता पर भरोसा रखते हुए अपनी जान की जरा भी परवाह किए बिना रात के समय विमान को सफलतापूर्वक जबरन नीचे उतार दिया और विमान को किसी भी तरह की कोई क्षति नहीं होने दी।

इस प्रकार, स्क्वाड्रन लीडर प्रदीप शर्मा ने अपनी जान की परवाह किए बिना बहुमूल्य विमान को नष्ट होने से बचाने के लिए असाधारण व्यावसायिक कुशलता, सूझबूझ और अदम्य साहस का परिचय दिया।

7. मेजर महावीर सिंह बलहारा (आई० सी०-24568) से० मे०, बिहार।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 12 अप्रैल, 1986)

12 अप्रैल 1986 में एक भारत-अमरीकी अभियान दल को संरक्षण प्रदान करने और उसे अपना काम पूरा करने में सहायता देने के लिए सियाचिन ग्लेशियर में "सिया कांगड़ी" तक एक संक्रियात्मक अभियान दल भेजा गया। मेजर महावीर सिंह बलहारा, जो लद्दाख में अग्रिमतर क्षेत्र में एक राइफल कम्पनी के कमाण्डर थे, इस मिशन का नेतृत्व करने के लिए आगे आए। इन्होंने बड़ी सूझ-बूझ से मिशन के लिए योग्य कार्मिकों को चुना और इन्हें गहन प्रशिक्षण देकर सभी सावधानियां बरतते हुए अपने मिशन की योजना बनाई।

इस बात को भली भांति जानकर कि राष्ट्र के लिए उनका मिशन कितना महत्वपूर्ण है, ये अपने सैनिकों को, जो वस्तुतः पर्वतारोही नहीं थे, गहरी खाइयों, भीषण ग्लेशियरों से होकर आगे ले गए और पर्वतारोहण का बहुत कम सामान होने के बावजूद बहुत खराब मौसम और बर्फीले अंधड़ में भी बेस कैम्प स्थापित करने में सफल हुए। दुश्मन को हमारे इस मिशन की जानकारी थी। इसलिए वह

पश्चिम दिशा से हमारे इस मिशन को चोटी की ओर बढ़ने से रोकने की कोशिश करने लगा। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए, ये फुर्ती से मिया-कांगड़ी की चोटी की ओर बढ़े और वहां से गोली-बारी कर अपनी स्थिति मजबूत बनाकर दुश्मन की खोजना नाकाम करने में सफल हुए। इसके बाद इन्होंने वह रास्ता निकाला जहां से होकर भारत-अमरीकी अभियान दल, जून 1986 में चोटी पर चढ़ने में कामयाब हुआ।

उसके बाद मेजर बलहारा ने पर्वतारोहण के इतिहास में उस समय एक नया अध्याय जोड़ा जब ये और इनके सैनिक जो वस्तुतः पर्वतारोही नहीं थे, पर्वतारोहण के साजो-सामान के बिना 24,350 फुट ऊंची चोटी पर चढ़ने में सफल हुए। चोटी से उतरते समय ये बड़ी कुशलता से दुश्मन की गोली-बारी के बीच से अपने दल को सुरक्षित नीचे ले आए।

इस प्रकार, मेजर महावीर सिंह बलहारा ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्च कोटि के नेतृत्व का परिचय दिया।

8. सैकिण्ड लेफ्टिनेन्ट प्रदीप्त नारायण महापात्र, (आई० सी०–42851), सिख लाइट इन्फैन्ट्री

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि: 10 मई, 1986)

पूरे सियाचिन ग्लेशियर क्षेत्र में विला फोण्डला शत्रु की नजर में एक ऐसा स्थान है जिसे प्राप्त करना उनकी प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है। इसलिये उसने उस पर कब्जा करने या उसे अपने नियंत्रण में लेने के लिये कई बार कोशिश की। वह मार्च 1986 के खराब मौसम का फायदा उठाकर आगे बढ़ा और 19000 फुट की ऊंचाई पर एक ऐसी जगह पर कब्जा कर लिया जहां से वह अपनी चौकियों पर निगरानी रख सकता था। इस प्रकार निगरानी रखने की ऐसी स्थिति की वजह से वह अपने सुरक्षित बंकरों से मशीनगन और तोपों का इस्तेमाल करते हुए फायर कर सकता था और फिर विला-फोण्डला दर्रे की सुरक्षा करना कठिन कार्य था।

10 मई, 1986 की रात सैकिण्ड लेफ्टिनेन्ट प्रदीप्त नारायण महापात्र को इस चौकी से शत्रु को हटाने का कठिन काम सौंपा गया। इस बात को पूरी तरह से जानते हुए भी कि आगे बढ़ने में कितने खतरे हैं, ये पर्वतारोहण कला की तनिक भी जानकारी न होने और कठिन तथा दुर्गम मार्ग के बावजूद इस काम को करने के लिये आगे आये। इनके आगे बढ़ने का मतलब था, शत्रु की नाक के नीचे से गुजरते हुए उसकी तोपों की गोली-बारी को झेलते हुए आगे बढ़ना। इस बहादुर अफसर ने बहुत धैर्य के साथ रेंग-रेंग कर केवल एक रस्सी के सहारे बरफ की दीवारों को पार किया। अगर शत्रु की नजर इन पर पड़ गई होती तो इनकी टुकड़ी का कोई भी सैनिक जीवित न बचता। परन्तु इनके महान नेतृत्व में इनकी टुकड़ी शत्रु की चौकी के पीछे से चढ़ती हुई एकदम चोटी पर पहुंच गई। शत्रु को हक्का-बक्का करते हुए इनकी टुकड़ी के 11 बहादुर सैनिकों ने ऊपर से हथगोले फेंके और गोलियां बरसाईं। इनका प्रहार इतना भीषण था कि शत्रु के दांत खट्टे हो गये और वह जान बचाकर भाग निकला। वह अपने पीछे दो मझोली मशीनगनें, एक सब-मशीनगन, एक स्वचालित राइफल, एक राकेट लांचर और गोला बारूद से भरे बक्से छोड़ गया।

शत्रु को एक महत्वपूर्ण चौकी से हटाने के इस साहसपूर्ण कार्य में सैकिण्ड लेफ्टिनेन्ट प्रदीप्त नारायण महापात्र ने जान की बाजी लगाकर उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

9. श्री अजय कुमार क्लेयर, (मरणोपरांत) जिला जालंधर (पंजाब)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि: 19 जून, 1986)

19 जून, 1986 को श्री अजय कुमार क्लेयर अपना एक चेक भुनाने कैनरा बैंक की अपरा शाखा में गए। वहां उन्होंने देखा कि रिवाल्वर लिए तीन व्यक्ति बैंक लूट रहे हैं। उनमें से एक व्यक्ति बैंक के मुख्य द्वार पर खड़ा था। श्री अजय कुमार क्लेयर उस पर पीछे से झपटे और उसे कस कर पकड़ लिया। मैनेजर की केबिन में खड़ा दूसरा डाकू यह देखकर श्री क्लेयर के पास आया और उनकी बांह में गोली मार दी जिससे वे नीचे गिर गए। इसके बाद डाकू ने उनके ऊपर पांव रखा और नजदीक से उनके सीने पर गोली मार दी और उनका तत्काल निधन हो गया।

इस प्रकार श्री अजय कुमार क्लेयर ने अपनी जान देकर बैंक की सम्पत्ति को बचाने के लिए अनुकरणीय साहस का परिचय दिया।

सु० नीलकण्ठन, राष्ट्रपति का उप सचिव

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय

(नौवहन पक्ष)

नई दिल्ली, दिनांक 13 मार्च 1987

संकल्प

सं० एम० टी० 13011/1/86/एम० टी०—जबकि भारत सरकार के परिवहन मंत्रालय जल-भूतल परिवहन विभाग ने अपने दिनांक 1-8-1986 के संकल्प के माध्यम से मर्चेंट नेवी प्रशिक्षण मण्डल को समाप्त कर दिया है ।

अब, भारत सरकार के जल-भूतल परिवहन मंत्रालय ने यह निश्चय किया है कि तीन सलाहकार समितियां, टी० एम० "राजेन्द्र", मेरीन इंजीनियरिंग प्रशिक्षण निदेशालय और लाल बहादुर शास्त्री नौटिकल और इंजीनियरिंग कालेज प्रत्येक के लिए एक-एक का गठन निम्न प्रकार से किया जाए :—

(1) टी० एम० "राजेन्द्र" समिति

(2) डी० एम० ई० टी० समिति

(3) एल० बी० एस० एन० एण्ड ई० कालेज समिति

उद्देश्य और लक्ष्य :

उपरोक्त समितियों के उद्देश्य और लक्ष्य इस प्रकार होंगे :—

(i) मर्चेंट नेवी अधिकारियों के प्रशिक्षण से संबंधित सभी पहलुओं पर विचार करना,

(ii) संस्थानों में होने वाले प्रशिक्षण पर नजर रखना, और

(iii) एक उपयुक्त, कुशल और निष्ठावान मर्चेंट नेवी कार्मिक बनाने के लिए समय-समय पर आवश्यकतानुसार इन उपायों की सिफारिश करना ।

समिति का स्वरूप और कार्य :—

(1) टी० एम० राजेन्द्र समिति :

स्वरूप :

अध्यक्ष	:	नौवहन महानिदेशक
उपाध्यक्ष	:	नौटिकल सलाहकार/मुख्य सर्वेक्षक, जो भी सेवा में वरिष्ठ है ।
सदस्य	:	(1) नौटिकल सलाहकार, भारत सरकार
		(2) मुख्य सर्वेक्षक, भारत सरकार
		(3) प्रधानाचार्य, लाल बहादुर शास्त्री नौटिकल एण्ड इंजीनियरिंग कालेज, बम्बई
		(4) निदेशक, डी० एम० ई० टी०, कलकत्ता
		(5) मर्चेंट नेवी प्रशिक्षण संस्थानों के साथ सम्पर्क रखने वाले उप नौवहन महानिदेशक
		(6) नौसेना मुख्यालयों के प्रतिनिधि
		(7) भारतीय नौवहन निगम, बम्बई के प्रतिनिधि
		(8) आई० एन० एम० ए० के प्रतिनिधि
		(9) एम० यू० आई० के प्रतिनिधि
		(10) शिक्षा मंत्रालय के प्रतिनिधि
सदस्य सचिव	:	(11) टी० एम० राजेन्द्र के अधीक्षक कप्तान

(2) डी० एम० ई० टी० समिति :—

स्वरूप :—

अध्यक्ष	:	नौवहन महानिदेशक
उपाध्यक्ष	:	नौटिकल सलाहकार/मुख्य सर्वेक्षक, जो भी सेवा में वरिष्ठ हो ।
सदस्य	:	(1) नौटिकल सलाहकार, भारत सरकार
		(2) मुख्य सर्वेक्षक, भारत सरकार
		(3) प्रधानाचार्य, लाल बहादुर शास्त्री नौटिकल एवं इंजीनियरिंग कालेज, बम्बई
		(4) टी० एम० राजेन्द्र, बम्बई के अधीक्षक कप्तान ।
		(5) मर्चेंट नेवी प्रशिक्षण संस्थानों के साथ सपर्क रखने वाले उप नौवहन महानिदेशक
		(6) नौसेना मुख्यालयों के प्रतिनिधि
		(7) भारतीय नौवहन निगम के प्रतिनिधि
		(8) आई० एन० एम० ए० के प्रतिनिधि
		(9) एम० यू० आई० के प्रतिनिधि
		(10) शिक्षा मंत्रालय के प्रतिनिधि ।
सदस्य-सचिव		(11) निदेशक, डी० एम० ई० टी० कलकत्ता

(3) लाल बहादुर शास्त्री नौटिकल एवं इंजीनियरिंग कालेज समिति

स्वरूप :—

अध्यक्ष	:	नौवहन महानिदेशक
उपाध्यक्ष	:	नौटिकल सलाहकार/मुख्य सर्वेक्षक, जो भी सेवा में वरिष्ठ हो ।
सदस्य	:	(1) नौटिकल सलाहकार, भारत सरकार
		(2) मुख्य सर्वेक्षक, भारत सरकार
		(3) टी० एस० राजेन्द्र, बम्बई के अधीक्षक कप्तान ।
		(4) निदेशक, डी० एम० ई० टी० कलकत्ता
		(5) मर्चेंट नेवी प्रशिक्षण संस्थानों से संपर्क रखने वाले उप नौवहन महानिदेशक
		(6) नौसेना मुख्यालयों के प्रतिनिधि
		(7) भारतीय नौवहन निगम के प्रतिनिधि
		(8) आई० एन० एम० ए० के प्रतिनिधि
		(9) एम० यू० आई० के प्रतिनिधि
		(10) शिक्षा मंत्रालय के प्रतिनिधि
